


हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## आठ बोगी की चलेगी दो मेमू ट्रेन

समय सारणी के अनुसार ट्रेन रायपुर से सुबह 9:00 बजे रवाना होकर 9:37 मिनट पर अभनपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में आठ बोगी होगी। ट्रेन रायपुर से छूटकर मंदिर हसौद, उद्योग नगर, सीबीडी स्टेशन नया रायपुर, केंद्री स्टेशन में ठहरने के बाद अभनपुर पहुंचेगी। इसके अलावा अभनपुर से रायपुर के लिए दिन की पहली ट्रेन सुबह 10:20 बजे मिलेगी, जो रायपुर 11: 45 को पहुंच जाएगी। इसके बाद रायपुर से अभनपुर के लिए दूसरी ट्रेन 16:20 को रहेगी। वहीं अभनपुर से अंतिम ट्रेन रायपुर के लिए 18:10 को मिलेगी। बीच के स्टेशनों में 3 से 2 मिनट का ही स्टॉपेज रेलवे ने दिया है।

# रायपुर से अभनपुर के बीच 80 की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन, आठ बरस की प्रतीक्षा के बाद गांववालों ने सुनी छुकछुक की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर से अभनपुर के बीच पटरियों की अंतिम जांच करने रेलवे ने ट्रायल ट्रेन चलाई, जो पूरी तरह से सफल रही। पिछली बार तकनीकी कारणों से यह ट्रायल नहीं हो पाया था, लेकिन दूसरी बार ट्रायल में अधिकारियों को किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी नहीं मिली। पटरियों में लोकल ट्रेन लगभग 80 की रफ्तार से चली। सभी तरह से जांच की गई है। ट्रेन रायपुर से निकलकर निर्धारित समय पर मंदिर हसौद से होते हुए उद्योग नगर, सीबीडी स्टेशन नया रायपुर, केंद्री स्टेशन से होकर अभनपुर पहुंची। इस बीच ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 10 रुपए में यात्री पहुंच जाएंगे अभनपुर

रेलवे ने दो मेमू ट्रेन की समय सारणी भी जारी कर दी है, जिसके मुताबिक रायपुर से अभनपुर का सफर ट्रेन में एक घंटा 10 मिनट का होगा। वहीं सीबीडी स्टेशन यानी नया रायपुर पहुंचने में केवल 37 मिनट लगेगा। शहर से सिटी बस के जरिए नया रायपुर पहुंचने में 40 मिनट से अधिक का समय लग ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### सूने मकान से कैश-जेवर समेत लाखों की चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक ठेकेदार ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान से लाखों रुपए के जेवर तथा नकदी चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, सेंचुरी कालोनी निवासी आशीष ठाकुर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। आशीष ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार को दोपहर अपने घर बंद कर अस्पताल में भर्ती अपने बच्चे को देखने गया था। दूसरे दिन दोपहर को वापस आने पर आशीष को अपने घर का ताला टूटा मिला। चोर लकड़ी के आलमारी में रखे नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गया।

### जमीन दिलाने का झांसा ठगी का आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** खम्हारडीह थाने की पुलिस ने जमीन दिलाने इकरारनामा कर नौ लाख रुपए एडवांस लेकर ठगी करने के आरोप में एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, विजय कुमार साहू की शिकायत पर ठगी करने के आरोप में सड्डू निवासी शशिकांत सुखदेवे को गिरफ्तार किया है। विजय ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि शशीकांत ने उसे जमीन दिलाने का आश्वासन देकर इकरारनामा तैयार कर नौ लाख रुपए एडवांस लिया। एडवांस देने के बाद विजय ने शर्त के मुताबिक जमीन देने की बात की तो शशिकांत अपने वायदे से मुकर गया। शशिकांत के खिलाफ पंडरी तथा सरस्वती नगर में ठगी की शिकायत दर्ज है।

### ऑटो चालक किराना सामान लेकर रफूचक्कर

**रायपुर।** माना थाने में एक गल्ला-किराना कारोबारी ने एक ऑटो चालक के खिलाफ दुकान के लिए खरीदी गई 73 हजार रुपए के गल्ला-किराना सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, पवन लेखवानी ने चोर की शिकायत दर्ज कराई है। पवन ने पुलिस को बताया कि उसने डूमरतराई थोक बाजार से सामान खरीदी की। सामान खरीदी करने के बाद उसने एक ऑटो वाले को सामान लाखेनगर तक छोड़ने बात की। पवन के अनुसार ऑटो चालक ने दुकान किराना सामान दुकान लाने की जगह किसी दूसरी जगह ले गया।

चोरी के सामान को खरीदने के तत्काल बाद गलाकर बेच देते थे कारोबारी

# बड़ा गिरोह... चोरियों का शतक, रायपुर में ही 25 वारदातें, राज्यभर से मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य में सक्रिय नए चोर गिरोह गैंती गैंग का भांडा फूटने के बाद पुलिस गैंग के बदमाशों से अन्य चोरियों के बारे में पतासाजी कर रही है। गैंग के बदमाशों का रिमांड हासिल कर पुलिस उनसे लगातार पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार गैंग ने रायपुर में की गई 25 चोरियों में सवा करोड़ रुपए से ज्यादा के माल उड़ाया है। पुलिस के अनुसार गैंग का मूवमेंट दुर्ग, महासमुंद, अंबिकापुर, कोरबा में होने की जानकारी मिलने पर उन जिलों की पुलिस से पकड़े गए चोर गिरोह के बारे में जानकारी साझा की है।

पुलिस के अनुसार बदमाश रायपुर को अपने रुकने का ठिकाना बनाकर पड़ोसी जिले महासमुंद तथा दुर्ग में चोरी करने जाते थे। रायपुर तथा आसपास की गई चोरी के सोने-चांदी के जेवर खपाने के लिए ▶▶ शेष पेज 11 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### उत्तरप्रदेश, गाजीपुर निवासी एक मिडिएटर का पुलिस रिकार्ड खंगाल रही

#### बचने के लिए सराफा कारोबारी गला देते थे माल

पुलिस के अनुसार चोरी का माल खरीदने के आरोप में जिन सराफा कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया है, उन्हें पूर्व से मालूम था कि सृजन के साथियों से जो वो माल खरीद रहे हैं, वह चोरी का है। इसीलिए गिरफ्तार सराफा कारोबारी चोरी का माल आधी कीमत पर खरीदते थे। पकड़े न जाएं, इसके लिए सराफा कारोबारी जेवर को तत्काल गला कर बेच देते थे।


दो अलग-अलग सूने मकान में चोरों ने कैश, जेवर सहित 10 लाख के माल पर किया हाथ साफ

बेटी से मिलने गई मां के घर चोरी

#### इनके रिकार्ड की जांच की जा रही

पुलिस के अनुसार चोरी के आरोप में गिरफ्तार मुंगेली निवासी मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी मूल रूप से उत्तरप्रदेश, गाजीपुर का रहने वाला है। वह मुंगेली में कबाड़ी का काम करता है। पुलिस के अनुसार आसिफ सिद्दीकी सात साल पूर्व छत्तीसगढ़ आया है। इसके पूर्व वह कई वर्षों तक मुंबई में भी रहा है। पुलिस को जानकारी मिली है उसके मुताबिक आसिफ सिद्दीकी का पुराना क्रिमिनल रिकार्ड है। आसिफ का क्रिमिनिल रिकार्ड खंगालने की बात पुलिस कह रही है।

#### चोरी की आदतों से परेशान होकर घरवालों ने किया बेदखल

पुलिस के अनुसार गैंती गैंग के सरगना बिलासपुर निवासी सृजन शर्मा के खिलाफ बिलासपुर में चोरी के 21 मामले दर्ज हैं। सृजन ने ही जेल में अन्य बदमाशों से संपर्क कर गिरोह बनाया। सृजन की चोरी की आदतों से परेशान होकर घरवालों ने सृजन को घर से निकाल दिया है। सृजन अकेला रहता है और घूम घूमकर चोरी की घटना को अंजाम देता रहा।

#### निगरानी में होने की वजह से छोड़ा बिलासपुर

पुलिस के अनुसार बिलासपुर के हर थाने की पुलिस सृजन को पहचानती है। इस वजह से वह जब भी चोरी की घटना को आंजाम देता था, तो वह पकड़ा जाता था। इसीलिए वह बिलासपुर पुलिस से बचने रायपुर सहित अन्य शहरों में चोरी करने अपने गैंग के बदमाशों के साथ पहुंचने लगा।

## उत्तर से ठंडी और शुष्क हवा का आगमन प्रारंभ 4 डिग्री तक गिरेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीते कुछ दिनों से ठंड से मिल रही राहत अब जल्द ही समाप्त होने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन प्रारंभ हो गया है। वहीं बस्तर संभाग के जिलों में बंगाल की खाड़ी से अभी भी नमी आ रही है। इसके कारण प्रदेश के मध्य और उत्तर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है जबकि बस्तर संभाग के दक्षिणी भाग में हल्की वर्षा होने अथवा छींटे पड़ने की संभावना है।

■ बस्तर संभाग में बंगाल की खाड़ी से आ रही है नमी

प्रदेश के जो स्थान शुष्क रहेंगे, वहां न्यूनतम तापमान में कमी आएगी और ठंड बढ़ेगी। जहां बदली-बारिश के हालात बनेंगे, वहां अधिकतम तापमान में कमी आएगी और न्यूनतम तापमान बढ़ेगा। इस कारण दिन-रात के तापमान में अधिक अंतर नहीं रहेगा। बदली-बारिश छंटते ही इन स्थानों में भी ठंड में वृद्धि होगी। अगले दो दिनों में प्रदेश के सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में 3 से 4 डिग्री तक न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

#### सामान्य से 4 डिग्री अधिक पारा

राजधानी रायपुर में देर रात और सुबह के वक्त ही हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। इसके अलावा दिन में ठंड लगभग गायब हो चुकी है। रायपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.9 डिग्री अधिक 33.2 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 4.3 डिग्री अधिक 19.2 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 33.6 डिग्री दुर्ग में दर्ज हुआ।

## बुजुर्ग को सुनसान इलाके में लूटा, माल खरीदने वाले सहित तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तोलीबांधा थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व बुधवार को सूनसान इलाके में ले जाकर कैश 12 सौ रुपए तथा 40 हजार रुपए कीमत की सोने की दो अंगूठी लूटने के आरोप में पुलिस ने लूट का माल खरीदने वाले सहित तीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटी गई रकम तथा अंगूठी जब्त की है।

■ दो दिन पूर्व तेलीबांधा थाना क्षेत्र की घटना

पुलिस के मुताबिक राजेंद्र नगर निवासी शिशुपाल सिंह यदु के साथ लूट के आरोप में लभांडी निवासी मुकेश वर्मा उर्फ मुक्कू, प्रदीप चौहान तथा लूट का माल खरीदने के आरोप में प्रशांत जैन को गिरफ्तार किया गया है। शिशुपाल ने पुलिस को बताया है कि वह अपने स्कूटी से राजेंद्र नगर में घूम रहा था। इस दौरान मुकेश ने शिशुपाल को कॉल कर उधार की रकम देने तेलीबांधा सिग्नल के पास बुलाया। सिग्नल के पास ट्रैफिक ज्यादा होने का झांसा देकर मुकेश ने शिशुपाल को उसकी स्कूटी से उतारा और खुद चलाते हुए लभांडी में ले जाकर लूट की। शिशुपाल को लूटने के बाद पीछे आ रहे अपने साथी प्रदीप की गाड़ी में सवार होकर वह मौके से फरार हो गया।

## दसवीं-बारहवीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं 20 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के स्कूलों में दसवीं-बारहवीं की प्री बोर्ड परीक्षाएं 20 जनवरी से प्रारंभ होगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। प्री बोर्ड परीक्षाएं 20 जनवरी से शुरू होकर 29 जनवरी तक चलेंगी। सभी स्कूलों को इसके लिए सूचित कर दिया गया है। बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर प्री बोर्ड में भी संपूर्ण पाठ्यक्रम से सवाल पूछे जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों को तैयारी पूर्ण रूप से हो सके। स्कूलों को भी इसके अनुसार ही निर्धारित समय पर पाठ्यक्रम पूरा करने कहा गया है। परीक्षा दोपहर 12 बजे से लेकर 3:15 बजे तक चलेगी। परीक्षाएं पूर्णतः वार्षिक परीक्षाओं की तर्ज पर होगी। छात्रों को 12 बजे परीक्षा कक्ष में पहुंचना होगा। उन्हें 15 मिनट का समय उत्तरपुस्तिकाओं में अपनी जानकारी भरने तथा प्रश्नपत्र अध्ययन के लिए दिया जाएगा। इसके पश्चात तीन घंटे का समय छात्रों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए मिलेगा।

■ स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी की समय-सारिणी

#### परिणाम के आधार पर बनेगी रणनीति

गत वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में बड़े शहरों की तुलना में छोटे शहरों के विद्यार्थियों का प्रदर्शन अच्छा रहा था। दोनों ही बोर्ड कक्षाओं के टॉप-10 में भी छोटे शहरों के बच्चे अधिक संख्या में रहे थे। स्कूलों के परिणाम सुधारने प्री बोर्ड परीक्षाएं ली जा रही हैं। जिन स्कूलों और शहरों में नतीजे अच्छे नहीं मिलेंगे, वहां फरवरी माह में अतिरिक्त कक्षाएं ली जाएंगी। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं इस बार भी मार्च के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होंगी। 29 जनवरी को प्री बोर्ड समाप्त होने के पश्चात एक सप्ताह के भीतर स्कूलों द्वारा नतीजे घोषित किए जाएंगे। इन नतीजों के अनुसार ही स्कूलों में फरवरी माह में वार्षिक परीक्षाओं से पूर्व तैयारी करवाई जाएगी।

एक विशेष सूचना ...

आज से भव्य शुभारम्भ

WOOLMARK

Flat 90% लुधियाना फ़ैक्टरी आउटलेट डिस्काउंट

रायपुर के सुराना भवन में सेल सिर्फ़ 7 दिनों के लिए

इस वूलन गारमेंट्स में मिले डिस्काउंट को आप कभी न भूल पायेंगे

25 जनवरी 2024 से पहले कंपनियां अपने 2025 व पहले का न्यू फ्रेश विंटर व समर गारमेंट्स के स्टॉक का 90%डिस्काउंट तक देकर 7 दिनों में बिक्री कर ख़त्म कर देना चाहती है, जिससे आउटलेटों और शोरुमों पर 2024 का न्यू स्टॉक सप्लाई किये जा सके.

रायपुर में यह ऑफर सुराना भवन में सिर्फ़ 7 दिनों के लिए रखा गया है



मुलायम फैब्रिक से बने कॉटन एवं विंटर गारमेन्ट्स की सिलाई इन्टरनेशनल मशीनों द्वारा की जाती है।

जेंट्स लेडिस किड्स के लिए ब्रांडेड जीन्स ट्राउज़र्स 100% कॉटन शर्ट, टी-शर्ट ट्रैक पैंट लेडिस में प्योर कॉटन व कुर्ती टी-शर्ट टॉप प्लाज़ो लोअर जीन्स पैंट एवं हज़ारों वैरायटी के अनेक आइटम्स में से जिनके शोरुम रेट्स 1000/- से 2500/- तक हैं, यह सभी आइटम्स अब

डायरेक्ट 200/- से 550/-में बिक्री किये जायेंगे.

विंटरवियर : जेंट्स, लेडिस, किड्स के विंटर वियर, लेडिस जैकेट, कार्डिगन, टॉप, स्वेट शर्ट, स्वेटर, लॉन्ग कुर्ती व अनेको आइटम्स में से जिनके शोरुम रेट्स 2500 से 4000 रु तक है, सभी विंटरवियर अब

डायरेक्ट 200/- से 650/-में बिक्री किये जायेंगे.



ORIGINAL SHIRTS
Official, Party Wear, Casual Wear
MRP 900/- to 1500/-
Only ₹ 500/- (2 Pcs)

BRANDED JEANS ₹ 900/- (2 Pcs)

BRANDED GENTS JACKET
1200/- to 2500/- ₹ 250/- to 650/-



जेंट्स स्वेटर/ स्वेट शर्ट
₹ 950/- to 2250/-
250/- to 450/-



लेडिस स्वेट शर्ट / कार्डिगन / जैकेट
₹ 1500/- to 2500/-
350/- to 550/-



ब्रांडेड फैंसी कुर्ती
(1 पीस /2 पीस)
350/- to 450/-

| | | |
|---|---|---|
| KIDS WOOLEN LOWER | 350/- | 100/- |
| KIDS HOODY | 550/- | 200/- |
| KIDS SWEATER | 650/- | 250/- |
| BABY WOOLEN CAP, KURTI | 699/- | 200/- |
| KIDS T-SHIRT | 250/- | 100/- |
| BABA SUIT, BABY SUIT | 650/- | 200/- |
| LADIES TOP, JEANS KURTI | 750/- | 50/- |
| GENTS SHIRT, T-SHIRT, LOWER | 450/- | 100/- |
| GENTS UNDERWEAR, BANIYAN | 50/- to 70/- | |

लेडिस सॉक्स : 50/- में 3 pcs ● जेंट्स सॉक्स : 100/- में 3 pcs ● जेंट्स, लेडिस, बच्चा वूलन कैप्स : 50/-

sumit

सुराना भवन
छोटापारा, एचपी गैस एजेंसी के सामने
सुभाष स्टेडियम के पास, नलघर चौक, रायपुर

अब 10 दिसंबर से होगा दस्तावेज सत्यापन

# गजब हाल...पीएससी को नहीं मिले दस्तावेज जांचने योग्य उम्मीदवार, लौटाए गए सैकड़ों प्राध्यापक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में जो कुछ ना हो जाए, वो कम है। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राध्यापकों के 595 पदों में भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को पीएससी ने दस्तावेज सत्यापन के लिए तो बुला लिया, लेकिन उनके दस्तावेज जांचने के लिए पीएससी को कोई योग्य व्यक्ति ही नहीं मिला। अंततः पीएससी ने प्राध्यापक भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन ही रद्द कर दिया। हालांकि जारी ▶▶ शेष पेज 11 पर

### उच्च शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए प्रतिनिधियों को नहीं थी अंक गणना की जानकारी

#### करनी होती है प्वाइंट की गणना

सहायक प्राध्यापक से प्राध्यापक के पद तक पहुंचने के लिए कई तरह की योग्यताएं और मापदंड निर्धारित होते हैं। इनमें पीएचडी सहित रिसर्च वर्क, किसी शोधकर्ता का गाइड होना, प्रतिष्ठित प्रकाशन में रिसर्च पेपर का प्रकाशन सहित कई तरह की चीजें शामिल होती हैं। इन सभी के लिए प्वाइंट निर्धारित होते हैं। इनकी गणना करने के लिए निर्धारित नियम होते हैं। इसका ही आंकलन दस्तावेज सत्यापन के लिए भेजे गए अधिकारी नहीं कर पाए और पूरी प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी।




#### पहुंचे थे सैकड़ों सहायक प्राध्यापक

चूंकि भर्ती प्राध्यापक के पद के लिए निकाली गई थी, तो ऐसे में योग्यता रखने वाले सैकड़ों सहायक प्राध्यापक भी पहुंचे हुए थे। इसके अलावा निर्धारित योग्यता रखने वाले निजी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक भी पहुंचे रहे। सैकड़ों की संख्या में प्राध्यापक यहां से वहां भटकते रहे। अंततः उन्हें निराश लौटना पड़ा। कई प्राध्यापकों में इस व्यवस्था को लेकर नाराजगी भी देखी गई।

## खबर संक्षेप

### मुक्ताकाशी मंच पर कल सजेगी गीतों की महफिल

**रायपुर।** स्वर सप्तक संस्था द्वारा महान फिल्म संगीतकार खय्याम की स्मृति में सुरमयी संगीत संध्या का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। 7 दिसंबर को शाम 7 बजे से मुकताकाशी मंच पर आयोजित इस संगीत संध्या में अंचल के गायक बॉबी मंडल, वंदना कुलदीप, ओम प्रकाश, राजेश तिवारी, जावेद अली, गोपा सान्याल गीतों को आवाज देंगे। वहीं शिवानी बानी, नगिता गुप्ता, भूमि सागर, दिनेश वर्मा, अजय कर्मोकार व गिरीश कुलदीप खय्याम के स्वरबद्ध गीतों की प्रस्तुति देंगे। उदय दास ने बताया कि प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर एयरपोर्ट प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ. एसडी शर्मा मौजूद रहेंगे।

### छज्जा निकालने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक चरवाहे ने अपने छोटे भाई तथा भतीजे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, लक्ष्मीनाथ यादव ने लक्षण तथा उसके बेटे कमलेश के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

## निधन

### बतहन झा



**रायपुर।** एकता नगर गुढ़ियारी निवासी बतहन झा का 5 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 दिसंबर को सुबह 8.30 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रमाकांत झा के पिता थे।

### शांति पांडे



**रायपुर।** रायपुर निवासी शांति पांडे (83) का 5 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. तेजधर पांडेय की पत्नी एवं राधारमण पांडेय की माता थीं।

### सुरेश कुमार दुबे



**रायपुर।** डगनिया निवासी सुरेश कुमार दुबे (69) का 5 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कूंरा के मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ. सुधांशु दुबे के पिता, करुणा दुबे के पति और प्रकाश दुबे, सुभाष दुबे, रोहित दुबे, अनिल दुबे के बड़े भाई थे।

### रेखा माखीजा



**रायपुर।** बरड़िया विहार अमलीडीह निवासी रेखा माखीजा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अमित माखीजा की माता थीं।

### धनसिंह वर्मा



**रायपुर।** पारस नगर निवासी धनसिंह वर्मा का 5 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार खमतराई मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेंद्र, अज्जू, आकाश, पप्पू वर्मा के पिता थे।

# राजधानी के आउटर की हवा खराब, बारिश की वजह से लोगों को मिली थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आउटर इलाकों में इन दिनों हवा का स्तर सबसे ज्यादा खराब है। हवा का स्तर सबसे ज्यादा खराब एम्स, टाटीबंध इलाके के साथ औद्योगिक एरिया सिलतरा, उरला, बिरगांव, धनेली का एरिया शामिल है। औद्योगिक एरिया में क्यूआई का स्तर सौ से पार हो गया है। इसके कारण सांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश की वजह से टाटीबंध क्षेत्र में थोड़ी राहत है, लेकिन जो राहत मिली है, उसे संतोषजनक नहीं कहा जा सकता।

नेशनल एयर क्वालिटी इंडेक्स के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा इलाके में पिछले दिनों हुई बारिश के कारण हवा के स्तर में जरूर सुधार हुआ था। क्षेत्र का क्यूआई का स्तर 68 तक पहुंच गया, जैसे-जैसे मौसम साफ हो रहा है। क्यूआई का स्तर 116 तक पहुंच गया है। इसी तरह से बुधवार को एम्स, टाटीबंध क्षेत्र में क्यूआई का स्तर 118 तक पहुंच गया। आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। उस लिहाज के क्यूआई का स्तर और खराब होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

***इतने से इतने बजे के बीच हवा में सबसे ज्यादा जहर:*** *नेशनल एयर क्वालिटी इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक क्यूआई का स्तर रात 12 बजे से सुबह आठ बजे के बीच सबसे ज्यादा प्रदूषित रहता है। इस दौरान पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर 80 से लेकर 150 तक पहुंच जाता है। सुबह धूप निकले के बाद थोड़ी राहत मिलनी शुरू होती है। गुरुवार को रात आठ बजे 2.5 का स्तर सिलतरा में 101 पर पहुंच गया।*

## एयर क्वालिटी खराब होने से स्वांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों की बढ़ी परेशानी

### आंबेडकर में पहुंच रहे रोज 50 से 100 मरीज

*हवा का स्तर खराब होने की वजह से अस्थमा सहित अन्य तरह के सांस से संबंधित मरीजों को सांस लेने में परेशाना का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरे ओर हवा में घूल रहे जहरीले पार्टिकल की वजह से लोगों को सर्दी, जुकाम तथा खांसी की समस्या बढ़ी है। आंबेडकर अस्पताल में सर्दी, खांसी, जुकाम से संबंधित नियमित 50 से 100 मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं।*



### क्यूआई का स्तर इस क्षेत्र में और भी ज्यादा खराब

*गौरतलब है कि एयर क्वालिटी मापने की मशीन शहर के चार जगह आउटर में लगे हैं। इनमें भाठागांव के अलावा एम्स, सिलतरा तथा कृषि विश्व विद्यालय के पास कृषक नगर है। शहर के व्यस्त क्षेत्र में शामिल जयस्तंभ, घड़ीचौक, रेलवे स्टेशन जैसे क्षेत्र में क्यूआई मापने की मशीन लगाए जाने पर क्यूआई का शहर के अंदर की सही स्थिति की जानकारी मिल पाएगी।*

### हवा का दबाव कम होने से क्यूआई का स्तर खराब

जानकारों के मुताबिक ठंड के दिनों में हवा का दबाव कम रहता है, इस वजह से औद्योगिक से निकलने वाली प्रदूषित धुंआ ऊपर जाने की वजह से निचे रह जाती है। इसके चलते क्यूआई की स्तर बिगड़ता है। अन्य वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष शहर के आउटर औद्योगिक क्षेत्र में क्यूआई का स्तर ज्यादा खराब है। पूर्व के वर्षों में औद्योगिक की जगह शहरी क्षेत्र में क्यूआई का स्तर ज्यादा खराब रहता था।

## सैकड़ों पक्षकार कोर्ट के चक्कर लगा-लगाकर थक हार चुके

# रेंट कंट्रोल कोर्ट में न्याय पाने पक्षकार लगा रहे सालों से चक्कर, 5 सौ प्रकरण पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन के अधीन रेंट कंट्रोल कोर्ट में न्याय की उम्मीद कर मकान मालिक और किराएदार केस दर्ज कराते हैं, लेकिन कछुए से भी धीमी गति से प्रकरणों पर हो रही सुनवाई के कारण सैकड़ों पक्षकार कोर्ट के चक्कर लगा-लगाकर थक हार चुके हैं। कई पक्षकार तो न्याय पाने की उम्मीद ही छोड़ चुके हैं। कंट्रोल कोर्ट में करीब 5 सौ प्रकरण पेंडिंग हैं। इनमें से करीब 2 सौ प्रकरण ऐसे हैं, जो पिछले 3 से 7 वर्ष के बीच है। इनमें भी कई प्रकरणों में अंतिम सुनवाई भी हो चुकी है, इसके बाद भी इन प्रकरणों में अब तक आर्डर जारी नहीं हुए हैं। हरिभूमि ने रेंट कंट्रोल कोर्ट में पेंडिंग प्रकरणों की संख्या इतनी ज्यादा घटने के बजाए बढ़ क्यों रहे है और आखिर क्या कारण है कि पक्षकारों को न्याय नहीं मिल पा रहा है, इसकी पड़ताल की। इससे पता चला कि रेंट कंट्रोल कोर्ट की जिम्मेदारी जिस अफसर को दी जाती है, उसका कुछ महीनों में ही ट्रांसफर कर दिया जाता है या फिर प्रोटोकाल ड्यूटी में उसे झोंक दिया जाता है, जिसके कारण कोर्ट की नियमिति सुनवाई पर लगातार असर पड़ रहा है।

### सुनवाई की जा रही

चुनाव और शासकीय कार्यक्रमों की प्रोटोकाल ड्यूटी के कारण सुनवाई कम हो पाई है। सप्ताहभर से सुनवाई लगातार की जा रही है।

- **प्रकाश टंडन,** रेंट कंट्रोलर रायपुर

### सुनवाई में प्रोटोकॉल बड़ी बाधा

*रेंट कंट्रोल कोर्ट की जिस अफसर को जिम्मेदारी दी जाती है, उसी अफसर को प्रोटोकाल का प्रभार दिया जा रहा है। ये पिछले करीब 4-5 वर्ष से चल रहा है। इसके पहले प्रोटोकाल का प्रभार दूसरे अफसरों को दिया जाता रहा है, जिससे रेंट कंट्रोल कोर्ट में सुनवाई भी नियमित होती थी और पक्षकारों को न्याय भी मिल पाता था, लेकिन व्यवस्था बदल दी गई है, जिसके कारण अफसर कोर्ट की सुनवाई नहीं कर प्रोटोकाल में ही अपनी सेवा दे पा रहा है। यही कारण है कि कोर्ट की सुनवाई में भी 80 प्रतिशत तक गिरावट आ चुकी है।*



### दो माह में सिर्फ 15 केस में सुनवाई

विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रकाश टंडन का अक्टूबर में रेंट कंट्रोल कोर्ट का प्रभार सौंपा गया था। उनके प्रभार संभालने के बाद से वे चुनावी कार्य एवं शासकीय कार्यक्रमों की तैयारियों में व्यस्त हो गए। इसके कारण इन दो महीने में सिर्फ वे 15 सुनवाई ही कर पाए हैं। इनमें भी करीब आधा दर्जन प्रकरण में अलग-अलग कारण से सुनवाई की पेशी आगे बढ़ाई गई है, जबकि कोर्ट में करीब 5 सौ प्रकरण पेंडिंग हैं।

### एक साल में 5 अफसरों का तबादला

सालभर में रेंट कंट्रोल कोर्ट के प्रभार वाले 5 अफसरों का ट्रांसफर हो चुका है। इसकी शुरुआत नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान हुई थी। चुनाव से तत्कालीन संयुक्त कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा को कोर्ट का प्रभार सौंपा गया था। चुनाव के मद्दनेजर उनका ट्रांसफर कर दिया गया। इसके बाद तत्कालीन संयुक्त कलेक्टर बृजेश सिंह क्षत्रीय को इसका प्रभार सौंपा गया था। उनका ट्रांसफर भी विधानसभा चुनाव के बाद कुछ महीनों में कर दिया गया। उन्हें बिरगांव नगर निगम कमिश्नर बनाते हुए रेंट कंट्रोल कोर्ट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। इस बीच अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए उनकी जगह संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई। उनका भी एक-दो महीने ही प्रभार बदल दिया गया। इसके बाद उनकी जगह डिप्टी कलेक्टर आशुतोष देवांगन को प्रभार सौंपा गया, लेकिन दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के पूर्व उनका भी प्रभार बदलकर दिया गया। अब उनकी जगह राज्य प्रशासनिक सेवा अफसर प्रकाश कुमार टंडन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**केस 1**

गुरजीत सिंह गरचा का केस 2018 से कोर्ट में चल रहा है। रायपुर के आनंद टॉकीज स्थित उसकी प्रॉपर्टी पर किराएदार ने कब्जा कर रखा है। इस प्रकरण में वर्ष 2023 तक कई बार सुनवाई हो चुकी है। बताया गया कि इस सुनवाई में अंतिम निर्णय भी आया है, पर ऑर्डर जारी नहीं जा रहा है।

**केस 2**

पंडरी रायपुर निवासी धीरज अरोरा ने भी 3 साल पहले केस दर्ज किया था। उसके द्वारा अब्दुल अजीज कुरैशी जो किराएदार है, पर केस दर्ज करा कर अपना मकान-दुकान को उसके कब्जा से मुक्त कराकर न्याय की गुहार लगाई है। इस केस में पूर्व में कई बार सुनवाई हो चुकी है, लेकिन पिछले एक साल से लगातार पेशी की तारीख दी जा रही है, जिससे उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है।

**केस 3**

डा. अनुपमा अस्थाना ने भी करीब 4 वर्ष पूर्व अपने मकान को किराएदार से कब्जा मुक्त कराने के लिए केस किया था। इस केस में अंतिम सुनवाई में अनुपमा के पक्ष में निर्णय आया था, जिसे चुनौती देकर दूसरे पक्षकार ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने भी इस मामले में अनुपमा के पक्ष में आदेश देते हुए 6 माह के भीतर रेंट कंट्रोलर को पक्षकार को न्याय दिलाने के निर्देश दिए थे, लेकिन इस आदेश के बाद भी डेढ़ वर्ष से अब तक पक्षकार को न्याय नहीं मिल पाया है।

**केस 4**

टिकरापारा रायपुर निवासी अलका ढोटे ने भी किराएदार नजमा बेगम एवं किशोर लंसोड़ के विरुद्ध करीब 3 वर्ष पहले केस दर्ज किया है। इस केस में भी पूर्व में कई बार सुनवाई हो चुकी है, लेकिन पिछले सालभर से इस केस में सुनवाई की पेशी की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है, जिससे पक्षकार को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

## संस्थापकों की सदस्यता खत्म नहीं होती, देवांगन समाज का 18 को शपथ ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ प्रदेश देवांगन समाज ने पत्रकार वार्ता में कहा- करेंगे मानहानि का दावा

27 नवंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सर्व सहमति से सामाजिक संगठन को मजबूती देने के लिए नए संगठन के रूप में प्रदेश देवांगन समाज छत्तीसगढ़ का गठन किया गया है। इसमें सभी की सहमति से डॉ. ओमप्रकाश देवांगन को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए उनको अधिकृत भी किया गया है। अब 18 दिसंबर को वृन्दावन हाल में दोपहर 12 बजे सभी जिले के पदाधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे। यह निर्णय प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष की मनमानी के कारण समाज को लेना पड़ा। समाज को एकजुट करने के लिए संस्थापक सदस्यों से सहमति लेने के बाद नया संगठन भी तैयार किया गया है। प्रदेश देवांगन समाज के संरक्षक महेश देवांगन, संरक्षक व संस्थापक सदस्य कुंजलाल देवांगन और रामगोपाल देवांगन ने गुरुवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी 19 में से 12 पदाधिकारी प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ हैं। इनमें संस्थापक सदस्य भी शामिल हैं, जिनको समाज से बाहर करने और सदस्यता खत्म करने का दावा कुछ दिन पहले किया गया। नियम के मुताबिक संस्थापक सदस्यों की सदस्यता कभी खत्म नहीं की जा सकती। इसे खिलाफ मानहानि का दावा करने का निर्णय भी लिया जाएगा।

## जयंती व शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर सतनामी समाज की हुई बैठक



**रायपुर।** गुरु घासीदास की 268 वीं. जयंती की पूर्व संध्या पर परंपरानुसार राजधानी में 16 दिसंबर को आमापारा प्लाजा से सात श्वेत ध्वजवाहक संतों की अगवाई में भव्य शोभायात्रा निकलेगी, जिसमें गुरुजी के संदेशों को प्रदर्शित करती हुई आकर्षक झांकियां व पंथी नृत्य आकर्षण के केंद्र होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष केपी खंडे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि जयंती व शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में बुधवार को सतनामी समाज की अहम बैठक हुई, जिसमें इस वर्ष भी सर्वश्रेष्ठ पांच झांकियों को समापन स्थल नगर घड़ी चौक के मुख्य मंच में पुरुष्कृत करने का निर्णय लेते हुए कार्यक्रम को अंतिम रूप देकर प्रमुखजनों को सुचारु व्यवस्था के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। बैठक में संरक्षक शकुन डहरिया, डॉ. जेआर सोनी, सुंदरलाल लहरे, डीएस पात्रे, सुंदरलाल जोगी, खेदु बंजारे, जीआर बाघमारे सहित समाज के अनेकों लोग उपस्थित थे।

## निकाय-पंचायत चुनाव : आयोग ने कहा- समय पर हो आरक्षण, परिसीमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने राज्य में आरक्षण की कार्यवाही समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रियाएं चुनाव के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है, जिससे समय पर और निष्पक्ष चुनाव कराया जा सके। आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को सुचारू और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए तैयारियों का मूल्यांकन किया गया। राज्य निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन 2024-25 हेतु शासन स्तर पर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग,नगरीय प्रशासनएवं पंचायत विभाग के वरिष्ठ अधिकारिओं की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अटल नगर नवा रायपुर स्थित आयोग कार्यालय के सभा कक्ष में हुई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसवराजू एस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विशेष सचिव तारण सिन्हा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




### आयुक्त ने दिए अफसरों को ये निर्देश

बैठक में चुनाव से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई, जिसमें राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें, ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की नियमित समीक्षा की जाएगी और जरूरत पड़ने पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कहा कि निर्वाचन कार्य की आवश्यकता को देखते हुए आयोग एवं जिलों में डिप्टी कलेक्टर के रिक्त पदों तथा जिलों में मुख्य नगरपालिका अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी-जनपद पंचायत एवं तहसीलदार/नायब तहसीलदार के रिक्त पदों की पूर्ति हो। इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, उप सचिव डॉ. नेहा कपूर, डॉ. अनुप्रिया मिश्रा एवं आलोक कुमार श्रीवास्तव सहित सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित थें।

## बिना नक्शा पास कराए मकान के ऊपर तान दिया फर्स्ट-सेकेंड फ्लोर

### निगम ने लगाई रोक, दुकान भी सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के छोटापारा में एक पुराने बने मकान के ऊपर बिना नक्शा पास कराए फर्स्ट व सेकेंड फ्लोर का निर्माण कराए जाने के मामले में नगर निगम की टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने मकान पर चले रहे अवैध निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई है, साथ ही ग्राउंड फ्लोर पर बनी नवनिर्मित एक दुकान को भी सीलबंद किया। जोन-4 कमिश्नर ने बताया कि कार्यालय को सूचना मिली थी कि छोटापारा में मस्जिद के पास एक मकान मालिक अपने मकान के उपर फर्स्ट एवं सेकेंड फ्लोर का निर्माण करा रहा है। इस सूचना पर निगम निवेश विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, तो पता चला कि मकान मालिक ने उपर फ्लोर बनाने के लिए नक्शा ही पास नहीं कराया है। यही नहीं, उसने अपने मकान को कमर्शियल बनाते हुए नीचे स्वीकृत जमीन से अतिरिक्त जमीन पर कब्जा कर वहां एक दुकान भी बना ली है। विभागीय टीम ने इस मामले में मकान में चल रहे निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई, साथ ही अतिरिक्त जमीन पर बनाई गई दुकान को भी सीलबंद करने की कार्रवाई की। इसके अलावा एक अन्य दुकान चालू हालत में मिली है, उसे लेकर स्थल पर संबंधित निर्माणकर्ता को भविष्य के लिए नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

## पेज 9 के शेष

### रायपुर से अभनपुर के...

पटरियों में ट्रेन को दौड़ते देखकर यात्री भी खुश हो गए। 8 साल के लंबे इंतजार के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने ट्रेनों की आवाज सुनी। ट्रायल में यात्री सुरक्षा को लेकर अधिकारियों ने जायजा लिया। प्लेटफार्म से लेकर पटरियों की भी जांच की गई है। रेलवे प्रशासन के मुताबिक अब यह रूट ट्रेन चलाने के लिए बिलकुल तैयार है। सफल ट्रायल होने के बाद अब इसी महीने रेलवे नियमित ट्रेन का परिचालन शुरू करेगा। स्टेशनों में कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

### 10 रुपए में यात्री...

जाता है। ट्रेन से यात्रियों का समय और पैसा दोनों बचेगा। किराया 10 रुपए है। बता दें कि राज्योत्सव में ट्रेन का परिचालन शुरू करने की तैयारी थी, लेकिन जब रेलवे की टीम सीबीडी स्टेशन जांच करने पहुंची, तो उन्हें कुछ कमियां नजर आईं। अब इसे सुधारने के लिए रेलवे ने एनआरडीए को कहा है। सीबीडी स्टेशन एनआरडीए ने बनाया है। यात्री सुविधा से जुड़ी तकनीकी दिक्कतें दूर हो चुकी है।

### बड़ा गिरोह... चोरियों का...

बदमाश बिरगांव के सराफा कारोबारी भूषण देवांगन को बेचते थे। पुलिस के अनुसार चोर गिरोह के सदस्य जिन जगहों पर चोरी करने जाते थे, उन जगहों से सटे आसपास के क्षेत्र में किसी सराफा कारोबारी से संपर्क कर उसे विश्वास में लेकर चोरी का माल खपाने का काम करते थे।

**चोर गिरोह को मिलता था 20 प्रतिशत:** पुलिस के अनुसार चोरी के आरोप में पकड़ा गया सृजन तथा उसके अन्य साथियों को चोरी के माल की महज 20 से 25 प्रतिशत कीमत मिलती थी। शेष रकम मिडिएटर तथा चोरी का माल खरीदने वाले हड़प लेते थे। पुलिस के अनुसार सृजन तथा उसके साथियों ने चोरी से प्राप्त ज्यादातर रकम मोबाइल तथा बाइक खरीदने में लुटाई। पुलिस के अनुसार सृजन लंबे समय से चोरी के अपराध में लिप्त है। उसने रायपुर जिले में ही 25 चोरी की घटना करना कबूल किया है।

### गजब हाल...पीएससी को...

की गई अधिसूचना में पीएससी ने किसी वजह का जिक्र ना करते हुए अपरिहार्य कारण के कारण दस्तावेज सत्यापन स्थगित किए जाने की बात कही गई है।

पीएससी द्वारा 2 से 16 दिसंबर तक इन पदों के दावेदार अभ्यर्थियों के दस्तावेज जांचे जाने थे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भर्ती के लिए नियम व शर्तें उच्च शिक्षा विभाग द्वारा तय की गई थी। भर्तियां उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत ही थी, इसलिए दस्तावेज सत्यापन के लिए उच्च शिक्षा विभाग से ही टीम पीएससी द्वारा मांगी गई थी। दस्तावेज सत्यापन के लिए जिन्हें भेजा गया था, वे यह कार्य नहीं कर सके। इससे आपाधापी की स्थिति निर्मित हो गई और पीएससी ने दूसरे ही दिन दस्तावेज सत्यापन रद्द होने की अधिसूचना जारी कर दी।

**13 विषयों के लिए नई तिथि जारी:** इधर पीएससी ने दस्तावेज सत्यापन स्थगित किए जाने के बाद अधिसूचना जारी करते हुए 13 विषयों के दस्तावेज सत्यापन की तिथि जारी की गई। अधिसूचना के मुताबिक, 10 से 17 दिसंबर तक अंग्रेजी, माइक्रोबायोलॉजी, लोक प्रशासन, सैन्य विज्ञान, ज्योतिष, दर्शनशास्त्र सहित 13 विषयों के ऑनलाइन आवेदन करने वाले 255 अभ्यर्थियों को इन तिथियों में बुलाया गया है।

## मंडी में बोली लगाकर खरीद रहे व्यापारी

# नवंबर में 870 किसानों ने बेचा 20 हजार क्विंटल से अधिक धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के उपार्जन केंद्रों में जहां समर्थन मूल्य पर धान की जमकर खरीदी हो रही है, वहीं दूसरी ओर उपज मंडी केंद्रों में भी धान खरीदी ने रफ्तार पकड़ ली है। व्यापारी मंडी में बोली लगाकर धान की खरीदी कर रहे हैं। जिले के पंडरी-तराई (कांपा) उपज मंडी में नवंबर में 870 किसान 20 हजार 124 क्विंटल धान बेच चुके हैं। इन किसानों को धान के बदले 4 करोड़ 62 हजार 480 रुपए का भुगतान भी किया गया है। जिले में धान की कटाई शुरू हो चुकी है, जैसे-जैसे धान की कटाई में तेजी आ रही है, वैसे-वैसे उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत किसानों के अलावा मंडी में पंजीकृत किसान भी अपनी फसल बेचने के लिए मंडियों में जाने लगे हैं। नवंबर में दीपावली त्योहार के बाद से उपार्जन केंद्रों के साथ मंडियों में भी किसान धान बेचने पहुंच रहे हैं। उपज मंडी में वहीं किसान धान बेचने पहुंच रहे हैं, जिनका पंजीयन उपार्जन केंद्रों में नहीं है।

### ग्रेड व नमी देखकर लगाई जा रही बोली

*मंडी में धान को ग्रेड के अनुसार तथा उसकी नमी की मात्रा को परखकर खरीदा जा रहा है। इसके लिए व्यापारियों द्वारा धान की बोली लगाई जा रही है। अब तक न्यूनतम 1941 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से धान खरीदा गया है, वहीं अधिकतम बोली 27 सौ रुपए लगाई गई है। हालांकि ग्रेड ए धान की न्यूनतम बोली 1800 रुपए एवं अधिकतम 3495 रुपए तक लगाई जा रही है।*



### धान के साथ अन्य उपज बेचने भी आ रहे किसान

मंडी में धान के साथ अन्य उपज बेचने के लिए भी किसान पहुंचने लगे हैं। सबसे ज्यादा धान बेचने के लिए किसान आ रहे हैं। नवंबर में 870 किसान 20 हजार क्विंटल से अधिक धान बेच चुके हैं। किसानों की सुविधा के अनुसार मैनुअल व डिजिटल दोनों प्रणाली से खरीदी व भुगतान किया जा रहा है।

- **प्रदीप शुक्ला,** सचिव, उपज मंडी रायपुर

### तिवरा, सोयाबीन, सरसों गेंहू-मक्का भी खरीदी शुरू

*मंडी में धान के अलावा किसान तिवरा, सोयाबीन, सरसो, गेंहू एवं मक्का बेचना भी प्रारंभ कर दिए हैं। हालांकि इन सभी की मात्रा बहुत कम है। मंडी समिति से मिली जानकारी के अनुसार नवंबर माह में 3 किसानों ने 8 क्विंटल गेंहू, 1 किसान ने 1 क्विंटल मक्का, 1 किसान ने 2 क्विंटल तिवड़ा, 1 किसान ने 8 क्विंटल सोयाबीन एवं 2 किसानों ने 3 क्विंटल सरसों बेचा है। इन सभी किसानों को उपज का भुगतान भी कर दिया गया है।*

### ऑनलाइन व मैनुअल ट्रांजेक्शन

*मंडी में पंजीकृत किसानों से धान सहित अन्य उपज की खरीदी व भुगतान मैनुअल व डिजिटल दोनों प्रणाली से की जा रही है। इसके तहत 57 किसानों को मैनुअल तथा 833 किसानों को डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से खरीदी और भुगतान किया गया है।*



12 तुलसी ने रामायण लिख बहाई ...

## सिटी इवेंट

### जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर गोंडवाना मेला पहली बार 28 सीटर जायंट व्हील झूला



**रायपुर।** मां पीतांबरा जन सेवा समिति की ओर से बीटीआई ग्राउंड में आयोजित 17 दिवसीय गोंडवाना राष्ट्रीय आजीविका व सांस्कृतिक कला महोत्सव का भव्य शुभारंभ आज होने जा रहा है। इस बार मेला को जगन्नाथ मंदिर के तर्ज पर सजाया गया है। 200 फीट का भव्य गेट आकर्षण क्रेंद बना हुआ है। कोलकाता के कलाकारों द्वारा 15 दिनों में यह तैयार किया है। गेट में थर्माकोल की कारीगरी से सुंदर कलाकृति व मूर्तियां तैयार की गई हैं। मेले में प्रदेश सहित देशभर की कलाकृतियां और आकर्षक वस्तुएं कलाकार लेकर पहुंचे हैं। मेले में पहुंच रहे लोगों के लिए हर दिन प्रदेश सहित देशभर के मशहूर कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

#### हैंडलूम और आकर्षक झूले भी

हर साल की तरह इस साल भी मेले में देश-प्रदेश के विभिन्न हस्तशिल्प, हैंडलूम, ऑटोमोबाइल, फूड जोन, घरेलू उपकरण, फर्नीचर, प्रॉपर्टी, रियल स्टेट, मनोरंजन, गॉरमेंट्स, ज्वेलरी और कई राज्यों की प्रदर्शनी लगी, जिसमें विशेष छूट भी मिलेगी। रायपुर में पहली बार 28 सीटर जॉइंट व्हील झूला, ड्रैगन, पैंथर और बच्चों के कई प्रकार के आकर्षण झूले का लुत्फ उठा पाएंगे। बच्चों व युवाओं के लिए हर दिन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

## इवेंट लाइव

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए जरूरी है कैल्शियम इसके स्त्रातों को करें आहार में शामिल



**रायपुर।** जेष्ठ नागरिक मंच 'सहयोग' चौबे कॉलोनी रायपुर की मासिक बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के सेवानिवृत्ति मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.विवेक गोले ने सेहत से संबंधित कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। डॉ.गोले ने सभी वरिष्ठ जनों को 'स्वास्थ्य के प्रति कैसे जागरूक रहना चाहिए व स्वयं को किस प्रकार से स्वस्थ रखना चाहिए' को लेकर अत्यंत उपयोगी और छोटे-छोटे टिप्स दिए। उन्होंने विभिन्न प्रकार की जांच के बारे में बताया। प्रत्येक मधुमेह रोगी व 60 वर्ष से ऊपर उम्र की स्त्रियों के लिए स्तन कैंसर व सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए जरूरी जांच प्रतिवर्ष करने का सुझाव भी दिया। साथ ही इनफ्लुएंजा वैक्सीन के बारे में भी सलाह दी गई। वरिष्ठ नागरिकों के लिए कैल्शियम की आवश्यकता पर भी टिप्स दिए गए।

#### चलाएंगे प्लास्टिक फ्री अभियान

बैठक में कोषाध्यक्ष दीपक पात्रीकर ने प्रयागराज कुंभ के लिए प्लास्टिक फ्री जागरूकता अभियान चलाने के लिए सभी सदस्यों को एक थाली-एक थैला देने के उद्देश्य से सदस्यों को अवगत कराया। सभी सदस्यों ने एकमत से एक थाली-एक थैला देने का संकल्प पारित किया। जिसके फलस्वरूप सदस्यों ने एकत्रित राशि एवं ग्रुप में बचत राशि को मिलाकर सौ थैले व सौ थालियां प्रयागराज कुंभ के लिए भेजने का निर्णय लिया। तत्पश्चात विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रमों के अंतर्गत अरविंद वाघ, बोरवणकर, मोखरीवाले, कुंदा अत्रे ने सुमधुर संगीतमय गायन प्रस्तुत किया।

## एग्जाम अपडेट

### 'परख' के जरिए 81 हजार छात्रों की दक्षता का मूल्यांकन

**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत देश भर में एक साथ राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण 2024 का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण के जरिए कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमी के 3409 स्कूल से 81 हजार 179 विद्यार्थियों की दक्षताओं का समग्र मूल्यांकन किया गया। इस परख सर्वेक्षण का उद्देश्य छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ-साथ शिक्षकों, स्कूलों और पूरी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता का आकलन करना है। सर्वेक्षण के जरिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों के अनुरूप छात्रों की बुनियादी और मध्य स्तर की क्षमताओं का आकलन किया जाएगा।

#### तय होगी राज्य की रैंकिंग

प्राप्त परिणामों के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर राज्यों की शैक्षणिक गुणवत्ता की रैंकिंग की जाएगी। छत्तीसगढ़ में किए गए सर्वेक्षण में कक्षा तीसरी के 1199 स्कूलों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें कुल 24 हजार 379 विद्यार्थी शामिल हुए। इसी प्रकार कक्षा छठवीं के 1065 स्कूल से 25 हजार 665 विद्यार्थी और कक्षा नवमी के 1145 स्कूल से 31 हजार 135 विद्यार्थी शामिल हुए। इस प्रकार कुल 3409 स्कूलों से कुल 81 हजार 179 विद्यार्थी परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 में शामिल हुए। गौरतलब है कि इस सर्वेक्षण का उद्देश्य बच्चों के समग्र शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन करना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्रों के मूल्यांकन से संबंधित मापदंड स्थापित करना है। इस बार सर्वेक्षण कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमी के छात्रों पर केंद्रित रहा, जो उनके पिछले कक्षाओं में अर्जित दक्षताओं पर आधारित था। परीक्षा में प्रश्न ओएमआर शीट के माध्यम से बहुविकल्पीय प्रारूप में रखा गया था।

---

नए साल में लाइफ स्टाइल बेहतर करने मनोचिकित्सक, डॉक्टर और कॅरियर काउंसलर से टिप्स लेने पहुंच रहे लोग

# नए साल से पहले शेष दिनों में रेगुलेशन को बनाए अपनी आदत, सेहत कॅरियर को दें प्राथमिकता, मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी

*नए साल की शुरुआत लोग नए संकल्पों से करते हैं, लेकिन वक्त के साथ लोगों की उम्मीद और योजनाओं के लिए उनका जोश हल्का होने लगता है। महीनेभर के भीतर ही उनका संकल्प टूट जाता है। इस तरह जीवन में बदलाव लाने की परिकल्पना भी पूरी नहीं हो पाती है। मनोचिकित्सक डॉ. मनोज साहू के मुताबिक नए साल के रेगुलेशन जल्दी टूटने के पीछे मानसिक रूप से तैयार नहीं हो पाना है।*

### खुद के लिए अलग से निकालें समय


नए साल को नया बनाने के लिए मनोचिकित्सक सलाह दे रहे हैं कि व्यक्ति नए साल से खुद के लिए अलग से समय निकालें। खुद को समझने का प्रयास करें। इसके अलावा परिवार के साथ यात्रा पर जाएं। यह सभी चीजें मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करती हैं। सुबह 30 मिनट का ध्यान और 15 मिनट किताब पढ़ने से हमारी एकाग्रता बढ़ सकती है। जीवन में धैर्य बनाए रखने की शक्ति जागृत करनी होगी। नए साल में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लें। रोजाना एक घंटे योग या व्यायाम करने का संकल्प ले सकते हैं या खानपान का विशेष ध्यान देने और पौष्टिक आहार का सेवन करने का संकल्प लें।





### रेगुलेशन टूटे तो फिर करें शुरूआत

शहर के युवा नए रेगुलशन को लेकर कॅरियर काउंसलर से मार्गदर्शन लेने पहुंच रहे हैं। कॅरियर काउंसलर व शिक्षाविद डॉ. गौरव पटेल ने बताया कि कई युवा 2024 में पीएससी समेत प्रतियोगी परीक्षा क्लीयर करना चाहते हैं। नए साल के लिए ज्यादातर युवाओं का रेगुलेशन बड़ा है। उन्हें सलाह दे रहे हैं कि अगर एक दो महीने में आपका रेगुलेशन टूट जाता है, तो फिर नई शुरुआत करें। रेगुलेशन को खत्म न हो दें। युवाओं को छोटे रूप में शुरुआत करने को कहा जा रहा है। किसी भी शुरुआत के लिए प्लानिंग जरूरी होती है। युवाओं को प्लान ए और बी दोनों के बारे में बताया जा रहा है, ताकि अगर असफलता मिले तो एक विकल्प बचा रहे। आदत बनने के बाद पढ़ाई का समय और अपनी क्षमता बढ़ जाएगी।



**रायपुर।** नई आदत को जीवन में शामिल करने में 21 दिनों का समय लगता है। ऐसे में व्यक्ति जो नए रेगुलेशन लेना चाहते हैं, उसे अपने जीवन में अभी से शामिल कर लेना चाहिए। ताकि वह चीजें नए साल के बाद दैनिक जीवन में शामिल हो जाएगी। रेगुलेशन जब आदत बन जाएगी तो इसके खत्म होने की संभावना भी कम हो जाएगी। इसे पूरा करने में आदमी को दिक्कत भी नहीं होगी। अक्सर नए रेगुलेशन के बाद कई तरह की दिक्कतें आती हैं, लेकिन अभी से खुद को मानसिक रूप से तैयार करें। समझने का प्रयास करे कि यह रेगुलेशन कितना कठिन और जरूरी है। इससे रेगलुेशन खत्म नहीं होगा।

### धैर्य से हर संकल्प होंगे सिद्ध

हरिभूमि ने मनोचिकित्सक, डॉक्टर और कॅरियर काउंसलर से बातचीत की और जानने का प्रयास किया कि बच्चों से लेकर युवाओं और सभी वर्ग को नए संकल्प लेने के दौरान किन जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए, जिससे जीवन में सकरात्मक बदलाव आए। नए साल में रेगुलेशन के टिप्स लेने दिसंबर के शुरुआत से पास पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब हम नए रेगुलेशन लेते हैं, उसमें हम अत्यधिक उत्साहित होते हैं। केवल सकरात्मक चीजों के बारे में ही सोचते हैं, लेकिन उन रेगुलेशन को पूरा करने किस तरह की समस्या आ सकती है या आएगी, इसके बारे में सोचते ही नहीं। इस वजह से व्यक्ति का रेगुलेशन समस्या आते ही खत्म हो जाता है। उन्होंने बताया कि रेगुलेशन का अर्थ जीवन में अच्छी आदत को शामिल करना है, जिससे हम सकारात्मक बदलाव देखना चाहते हैं। संकल्प तभी सिद्ध होंगे, जब हमारे पास धैर्य होगा। इसलिए पहले जीवन में एकाग्रता बढ़ाने पर कार्य करने की जरूरत है।

### हर दिन 10 रूपए से 200 रुपए तक की करें बचत

जीवन जीने के लिए आर्थिक तौर पर मजबूती जरूरी है। ऐसे में हर व्यक्ति को अपनी आवक अनुसार 20 प्रतिशत बचत करनी चाहिए। मध्यमवर्गीय परिवार को हर दिन 200 रुपए की बचत करनी चाहिए। स्टूडेंट्स 10 रुपए से अपनी बचत शुरू कर सकते हैं। नए साल में बचत की आदत व्यक्ति को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी। भागदौड़ भरी जिंदगी में आपके पास परिवार के लिए वक्त नहीं होता है। इससे रिश्ते में दूरी आने लगती है। एक खुशहाल जीवन या उन्नति तब तक संभव नहीं, जब तक आप पारिवारिक रूप से खुशहाल न हो। नए साल से परिवार और साथी को समय देने का संकल्प लेना चाहिए।

---

# बीते दो दशकों में 40 प्रतिशत कम हुए हैं मिट्टी के पोषक तत्व हमारी अच्छी सेहत के लिए मृदा का भी स्वस्थ होना आवश्यक

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में गुरुवार को विश्व मृदा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ''मिट्टी की देखभाल - मापन, निगरानी तथा प्रबंधन'' विषय पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमें मृदा वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को मिट्टी की समुचित देखभाल तथा मृदा उर्वरता प्रबंधन पर जानकारी दी गई।



**रायपुर।** संगोष्ठी में बताया गया कि कृषि में मिट्टी के महत्व तथा उसकी गुणवत्ता में आ रही खराबी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2013 से 5 दिसंबर के दिन विश्व मृदा दिवस मनाया जा रहा है। वैज्ञानिकों ने बताया कि भारत की 30 प्रतिशत मिट्टी प्रदूषण एवं उर्वरता की कमी से प्रभावित है। पिछले दो दशकों में मिट्टी में जैविक कार्बन का स्तर 23 प्रतिशत तक घटा है। 40 प्रतिशत कृषि भूमि में पोषक तत्वों की गंभीर कमी देखी गई है।

### मृदा ऊर्वरता को बनाए रखना आवश्यक

वर्ष 2050 तक भारत की जनसंख्या 1.7 अरब होने का अनुमान है। जिससे खाद्यान की मांग 330 मिलियन टन से बढ़कर 350 मिलियन टन हो जाएगी। इस मांग को पूरा करने के लिए मिट्टी के स्वास्थ और मृदा ऊर्वरता को बनाये रखना आवश्यक है। संगोष्ठी में वैज्ञानिकों द्वारा खेतों में जीवांश कार्बन का अधिक उपयोग, ऊर्वरकों का संतुलित उपयोग, प्राकृतिक खेती तथा फसल चक्र परिवर्तन की सलाह दी गई। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय, रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. जी.के. दास, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस.एस. टुटेजा, मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एल.के. श्रीवास्तव, कृषि विज्ञान केन्द्र, रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गौतम राय, इफको के अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




### पर्यावरण असंतुलन है जिम्मेदार

कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा, मिट्टी हमारी कृषि, भोजन और जलवायु संतुलन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। स्वस्थ मिट्टी से स्वस्थ फसल तैयार होती है और स्वस्थ फसल से मनुष्यों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दशकों में मिट्टी के घटते स्वास्थ्य के कारण पर्यावरण असंतुलन, जैव विविधता में कमी और कृषि उत्पादकता में गिरावट जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए मिट्टी की देखभाल तथा उचित प्रबंधन किया जाना आवश्यक है।

## श्रेष्ठ भारत अभियान में सिख समाज पुरस्कृत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल रमेन डेका की गरिमामयी उपस्थिति में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत आज राजभवन में छत्तीसगढ़ सिख संगठन को उनके उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दलजीत चावला, संस्थापक हरपाल सिंह भामरा, संयोजक अरुण छाबड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह टोनी, जिला अध्यक्ष मोनु सलूजा सहित अन्य पदाधिकारियों ने यह सम्मान ग्रहण किया। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। समारोह में सभी राज्यों के लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। इन नृत्य प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोह लिया। विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति की झलक इस दौरान देखने को मिली।

---

मंदिरों में आज राम-जानकी विवाह उत्सव, सज गए विवाह मंडप

# बाराती पक्ष को सुनाई जाएगी शगुन की गालियां, अवधपुरवासी माता के लिए लेकर पहुंचे सोलह श्रृंगार, सोने की नथनी व श्रीराम के लिए सोने का टीका

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** सिया जी बहिनिया हमार हो... सुंदर रतिया, सुंदर बरतिया, सुंदर दुलरू दामाद हमार...जैसे विवाह गीत के साथ महिलाओं ने हल्दी एवं मेहंदी की रस्म प्रारंभ की। राम-जानकी विवाह से पूर्व गोपी दास मंदिर में मिथिला और अवधपुरी से सदस्य शामिल हुए हैं। पुरानी बस्ती स्थित मंदिर में माता सीता की ओर से मिथिलावासी और श्री राम की ओर से अवधपुरी के रहवासी शामिल होने पहुंचे हैं। सुबह 11 बजे से मंडप तैयार कर चल प्रतिमाओं का विवाह शुक्रवार को कराया जाएगा, इस दौरान भारी संख्या में भक्तों की भीड़ परिसर में उपस्थित रहेगी।

### सीता के लिए तैयार किए तोहफे

स्वागत में गाली सुनाओ सखियां...विवाह के दौरान महिलाओं द्वारा मंदिर में बाराती पक्ष को शगुन की गालियां भी सुनाई जाएगी। इस दौरान महिलाएं राजा दशरथ की माता सीता को मायके से दूर ना ले जाने की भावना के साथ भजन गायन करेंगी। विवाह के दौरान 108 ब्राम्हणों को भोजन कराया जाएगा। विवाह के 2-3 दिन बाद मंदिर में कंकन छोड़ने की रस्म भी निभाई जाएगी, जिसके बाद मंडप का विसर्जन किया जाएगा।

जागृति महिला मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम का संचालन मीना अग्रवाल एवं प्रभा अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। इसमें मिथिला और अवधपुरी से भी 30 से अधिक लोग शामिल हुए हैं। पांच दिवसीय हल्दी रस्म का समापन गुरूवार को हुआ। शुक्रवार को सुबह से विवाह उत्सव की तैयार प्रारंभ की जाएगी। इस दौरान बाजा-गाजा और बरातियों के साथ मंदिर परिसर में बारात निकाली जाएगी।



### छत्तीसगढ़ी रस्मों के अनुसार विवाह

अवधपुरी के वासियों की ओर से माता के लिए सोलह श्रृंगार, सोने की नथनी और श्रीराम के लिए सोने का टीका लाया गया है। वही मिथिला वासियों ने बारात के स्वागत के लिए लड्डू, खाजा सहित छत्तीसगढ़ी पकवान विशेष रूप से तैयार किए हैं। साथ ही वर-वधु के लिए नए पोशाक, पचहर बर्तन, आचार, बड़ी, पापड़ एवं अन्य वस्तुओं के साथ जोरन और दहेज की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी रस्मों के साथ विवाह संपन्न किया जाएगा।

### मठ में सुबह 5 बजे से विवाह प्रारंभ

दूधाधारी मठ से पुजारी राम छवि ने बताया, गुरुवार को शाम 5 बजे से ध्यान-स्नान के बाद हल्दी एवं मेहंदी की रस्म निभाई गई। हल्दी पूजन के लिए देवसुंदरा गांव से हल्दी मंगाई गई। शुक्रवार को सुबह 5 बजे से राम-जानकी विवाह छत्तीसगढ़ी पूजन एवं रस्मों के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर स्वर्ण एवं चांदी के आभूषणों से श्रृंगार एवं पीला पोशाक धारण कराया जाएगा। मठ परिसर में श्रद्धालुओं के लिए दोपहर 12 बजे से भोग-भंडारे की व्यवस्था की गई है,

***सुबह 8 बजे गठबंधन :*** जैतू साव मठ के मुख्य पुजारी सुमित तिवारी ने बताया, शुक्रवार को ब्राम्हणों द्वारा मत्रोच्चार के साथ सुबह 8 बजे गठबंधन किया जाएगा।

***विवाह उत्सव में 56 भोग की प्रसादी :*** विआईपी रोड स्थित राम मंदिर के मुख्य पुजारी हनुमंत लाल ने बताया, राम-जानकी विवाह के अवसर पर मंदिर परिसर को विशेष रुप से सजाया गया है। विवाह उत्सव के दौरान सुबह 12 बजे 56 भोग लगाया जाएगा।

## कैंपस इवेंट

### विविधता में एकता का संदेश लोकनृत्यों का सुंदर समावेश




**रायपुर।** होलीक्रॉस हायर सेकंडरी स्कूल पेंशनबाड़ा में गुरुवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस बार संस्कृतियों की एकजुटता और विविधताओं के जश्न थीम पर वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि आयुष विवि के कुलपति डॉ.प्रदीप पात्रा रहे। विशेष अतिथि साइंस कॉलेज में बॉटनी की प्रोफेसर डॉ.सुनिता पात्रा। पारंपरिक रूप से स्वागत के बाद कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों से अतिथियों के साथ पालकों की भी तालियां बटोरी। शिक्षकों ने भी बालिकाओं का उत्साह बढ़ाया।

#### छग के कर्मा नृत्य ने मोहा

अपनी प्रस्तुतियों से विद्यालय की नन्ही बालिकाओं ने पूरे भारत को एक ही मंच पर प्रस्तुत कर दिया। राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल, असम, कश्मीर, पंजाब, मणिपुर, बंगाल के लोकनृत्यों सहित छत्तीसगढ़ का कर्मा नृत्य बालिकाओं ने प्रस्तुत किया। अलग-अलग राज्यों के लोकनृत्यों में सर्वाधिक आकर्षक प्रदेश का कर्मा नृत्य रहा। सधी हुई प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

## सिटी इवेंट

### बस्तर, कोलकाता व फिल्म सिटी के आर्टिस्ट सजाएंगे संग्रहालय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में निर्माणाधीन शहीद वीरनारायण सिंह संग्रहालय परिसर में छत्तीसगढ़ राज्य में ब्रिटिशकाल में हुए जनजातीय विद्रोह की झांकी को वास्तविक स्वरूप में तैयार किया जा रहा है। ब्रिटिशकाल के दौर में अपनी अस्मिता और संस्कृति को बचाने के लिए हुए जनजातीय विद्रोह के दौरान छत्तीसगढ़ के अनेक वीर सपूतों ने अपने प्राण न्यौछावर किए। झांकी के माध्यम से जनजातीय विद्रोह को वास्तविक स्वरूप में प्रदर्शित करने में बस्तर, कोलकाता और मुम्बई फिल्म सिटी के आर्टिस्ट जुटे हैं। आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव श्री बोरा ने आज शहीद वीरनारायण सिंह संग्रहालय का दौरा कर वहां चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जनजातीय विद्रोह के वास्तविक स्वरूप को दर्शाने के लिए तैयार की जा रही यह झांकी जनजातीय समुदाय के गौरवशाली इतिहास का स्मरण कराएगी। म्यूजियम तैयार होने के बाद यह संग्रहालय न केवल छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के स्वतंत्रता काल में दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद दिलाएगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की गौरवशाली आदिवासी परंपरा से भी आमजन को रूबरू कराएगा।

#### 45 करोड़ की लागत

गौरतलब है कि नया रायपुर में पुरखौती मुक्तांगन के समीप 45 करोड़ की लागत से लगभग 10 एकड़ भूमि पर शहीद वीरनारायण सिंह म्यूजियम स्थापित किया जा रहा है। इस संग्रहालय में छत्तीसगढ़ के जनजातीय जीवन शैली एक अलग म्यूजियम तैयार किया जा रहा है, जो जनजातीय कला-संस्कृति और रीति-रिवाजों से रूबरू कराएगा। म्यूजियम निर्माण में लगे क्यूरेटर प्रोबल घोष ने कहा, छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के वीर गाथाओं पर आधारित इस झांकी का निर्माण चुनौतीपूर्ण कार्य है। इस म्यूजियम में आदिवासियों की ग्रामीण जन-जीवन, उनकी स्वतंत्रता फिर उनकी वीर गाथा की वास्तविक कहानी क्लासिकल लुक में दिखेगी। इस म्यूजियम को कोलकाता के 14 विशेष मूर्तिकार, बस्तर के 23 आर्टिस्ट तथा फिल्म सिटी मुम्बई के कहानी के कम्पोजिसन के साथ मूर्तरूप देने मे लगे है।

## धर्म लाइव

### बाबा गोदड़ीवाला धाम से आज निकलेगी स्कूटर रैली



**रायपुर।** गोदड़ीवाला धाम देवपुरी दरबार में तीन दिवसीय 8 से 10 दिसंबर तक संत बाबा गेलाराम साहब का वर्षी महोत्सव मनाने की तैयारी है। इस अवसर पर दो दिन पहले 6 दिसंबर को दोपहर 12 बजे विशाल स्कूटर रैली दरबार की प्रमुख अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में निकाली जाएगी। यह जानकारी दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी, हरि इसरानी, सतीश थोरानी, पवन प्रीतवानी, दिलीप इसरानी आदि ने देते हुए बताया कि दोपहर 12 बजे गोदड़ीवाला धाम से आरंभ होकर केनाल रोड, न्यू राजेंद्र नगर, कटोरा तालाब, मरीन ड्राइव, भगत तारु सिंह चौक, श्याम नगर, तेलीबांधा, अवंति विहार, शंकर नगर, लोधीपारा चौक, पंडरी कपड़ा मार्केट, देवेंद्र नगर, सिंधु भवन, फाफाडीह चौक, नहरपारा, संजय गांधी चौक, स्टेशन रोड, एमजी रोड, शारदा चौक, फूल चौक, तात्यापारा चौक, आजाद चौक, लाखेनगर चौक के बाद, लाखेनगर बाबा किशाराम दरबार में समापन होगा। इस विशेष वर्षी महोत्सव पर मेडिकल कैंप, थैलेसीमिया निशुल्क जांच शिविर एवं आई कैंप की भी व्यवस्था की गई है। सिंधु डॉक्टर फोरम द्वारा तीनों दिन निशुल्क सभी प्रकार के स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था की गई है।

#### उद्यानिकी विभाग के ग्रीन स्टार अवार्ड के लिए आवेदन 15 तक

**रायपुर।** उद्यानिकी विभाग, कृषि विवि, प्रकृति की ओर सोसायटी, जिंदल स्टील एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में गृह उद्यान प्रतियोगिता के अलावा स्कूल व कॉलेज एवं रेजिडेंशियल सोसाइटियों के उद्यानों की भी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रतिभागी विजेताओं को ग्रीन स्टार अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। प्रकृति की ओर सोसायटी के अध्यक्ष मोहन वल्र्यानी ने आगे बताया कि प्रविष्टि के लिए अंतिम तिथि 15 दिसंबर रखी गई है।

## अंतर्राष्ट्रीय माइक्रोवेव ओवन दिवस आज : रसोईघरों में भी आधुनिकता की दस्तक

# वाईफाई से कनेक्ट माइक्रोवेव से किसी भी कोने से गर्म कर सकेंगे खाना, सेहत के लिए ऑयल फ्री कुकिंग को तवज्जो

समय के साथ घर के किचन को भी लोग अब आधुनिक सुविधाओं से लैस करने लगे हैं। किचन में माइक्रोवेव ओवन जैसे साजो-सामान भी उपलब्ध है। अब इनमें भी नए वर्जन आने लगे हैं। अभी के समय में मोबाइल को वाईफाई से कनेक्ट करके माइक्रोवेव को ऑफिस या घर के किसी कोने में बैठकर भी खाना गर्म कर सकते हैं। इसके लिए बर्तन भी खास तरीके से तैयार करके कंपनियां बाजार में लांच कर रही हैं।

**रायपुर।** शहर में माइक्रोवेव के व्यावसाय से जुड़े लोग हर साल 6 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय माइक्रोवेव ओवन दिवस पर कुछ खास ऑप्शन वाले माइक्रोवेव ग्राहकों के लिए लाते हैं। माइक्रोवेव की विविध रेंज रखने वाले व्यवसायी परम साहू और सुधीर त्यागी ने बताया कि माइक्रोवेव में हमेशा माइक्रोवेव सेफ बर्तनों का ही इस्तेमाल करना चाहिए। प्लास्टिक के बर्तन या कंटेनर का उपयोग न करें। माइक्रोवेव प्रूफ प्लास्टिक के बर्तनों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बेहतर होगा कि माइक्रोवेव में हमेशा सिरेमिक (पोर्सिलेन) या कांच के बर्तन का प्रयोग करें। खाना गर्म करने के लिए मेटल के बर्तन का उपयोग करने से बचें। मेटल उस माइक्रोवेव ओवन या जो पका रहे हैं उसके लिए सही है या नहीं, इसकी जानकारी लेने के बाद ही इनका सुरक्षित उपयोग करना बेहतर होगा। आमतौर पर इसकी जानकारी लेने में लोग गुरेज करते हैं।





#### मैग्नेट्रॉल डिवाइस है खास

माइक्रोवेव को खाना, सूप गर्म करने, फ्रोजन फूड से बर्फ हटाने, सब्जियों को गर्म करने में उपयोग किया जाता है। इसमें खाना या डिश नहीं बना सकते। खाना गर्म करने के लिए भी इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन का ही उपयोग होता है। माइक्रोवेव में मैग्नेट्रॉन नाम का डिवाइस होता है, इससे रेडिएशन आने से खाना गर्म होता हैं। माइक्रोवेव अब मार्केट में ओवन के साथ भी लोग उपलब्ध कराते हैं।

#### चलन में सेंसर से लगे माइक्रोवेव

कई माइक्रोवेव ऑटोमेटिक सेंसर से जुड़े होते हैं। वाईफाई से माइक्रोवेव ओवन को मोबाइल से कनेक्ट करके खाना को पूरी तरह से पकने या गर्म होने के बाद अपने आप ही बंद होने का ऑप्शन मिलता है। इसमें लगे सेंसर के कारण खाना ज्यादा गर्म भी नहीं हो सकता है। अब माइक्रोवेव में भी चाइल्ड सेफ्टी लॉक फीचर आने लगा है। परिवार में छोटे बच्चे हैं तो इस फीचर वाले माइक्रोवेव से कुछ भी नुकसान नहीं होगा। अभी ज्यादातर माइक्रोवेव 1000 से 1600 या इससे ज्यादा वाट के ही आते हैं। इससे बिजली की खपत ज्यादा होती है। इससे बचने लोग 4 व 5 स्टार रेटिंग माइक्रोवेव ओवन खरीदते हैं।

#### सुविधा के लिए हर किचन में पहुंच

माइक्रोवेव ओवन के लिए बर्तन में एल्यूमीनियम बेकिंग गोल केक पैन, मोल्ड और टिन 4, 5, 6, 7 और 8 व्यास के साथ 2.5 ऊंचाई (5 पीस का सेट) 850 रूपए में मिलता है। जो किचन के लिए कारगर होता है। विशेष प्रकार के कांच से बने बर्तन माइक्रोवेव प्रूफ होते हैं। इनका प्रयोग आसानी से किया जा सकता है। शॉप कर्मियों ने बताया कि गैस चूल्हे की लोकप्रियता धीरे-धीरे माइक्रोवेव की वजह से कम हो रही है। नई जनरेशन के पास कुकिंग को आसान बनाने के लिए माइक्रोवेव, ओवन जैसे ऑप्शन हैं। इससे माइक्रोवेव किचन की जरूरत बन चुका है। खाना पकाने से लेकर खाना गर्म करने तक में इनका उपयोग होने से हर किचन में पहुंच बढ़ी है।



#### मुख्य काम खाना गर्म करना

ओटीजी का मतलब ओवन टोस्टर और ग्रिलर होता है। यह ओवन का ही छोटा रूप है। इसका मुख्य काम खाना गर्म करने, खाना पकाने के अलावा चीजों को टोस्ट और ग्रिल करना भी है। इसमें इलेक्ट्रिक कॉइल्स की मदद से खाना पकाया या गर्म किया जाता है। इसमें खाना पकाने में माइक्रोवेव ओवन की अपेक्षा ज्यादा समय भी लगता है। 20 लीटर तक के लिए इसकी कीमत 7 हजार रुपए है।

#### ग्रीलिंग, टोस्टिंग और बेकिंग सहित कई विकल्प

इसमें ओवन के साथ ओटीजी भी खास होती हैं। इसमें खाना गर्म करने से लेकर खाना पकाने, ग्रीलिंग, टोस्टिंग और बेकिंग भी कर सकते हैं। इसमें साधारण ओवन के मुकाबले खाना जल्दी पकता है। इसमें ऑयल-फ्री कुकिंग भी कर सकते हैं। इतना ही नहीं इसमें ग्रिल और बेकिंग दोनों एक साथ भी कर सकते हैं। इसे लोग 20 लीटर की क्षमता वाले ओवन को 10 हजार रुपए में खरीदते है।

## तुलसी ने रामायण लिख बहाई भावगंगा, यही भवसागर की नौका

*रायपुर। तुलसीदास ने रामायण लिखकर भाव की गंगा बहा दी, इसे भवसागर पार करने का नौका बना दिया। राजा दशरथ ने अपने दोनों पुत्र राम और लक्ष्मण को गुरु विश्वामित्र को सौंप दिया और कहा कि आप इनके पिता हैं। बालकों को लेकर गौतम ऋषि आश्रम में गए। राम-लक्ष्मण पहली बार अयोध्या से बाहर निकले थे। अहिल्या को पत्थर से नारी बनाकर उनका उद्धार किया। अहिल्या ने कहा कि जीवन में गलती को छिपाना नहीं चाहिए। ये बातें कथावाचक पं. शंभू शरण लाटा महाराज ने पुरानी बस्ती के श्री महामाया मंदिर के सत्संग भवन में गुरुवार को कहीं। उन्होंने आगे कहा कि पूजा में आप क्या सामग्री लेकर आए, यह विषय नहीं है। पूजा में आप कितने भाव से शामिल होते हैं, यह महत्वपूर्ण है।*



#### लक्ष्मी के संग आमंत्रित करें नारायण को

आसंदी ने लक्ष्मी का वर्णन करते हुए कहा की लक्ष्मी ज्यादा होने से धन का अनर्थ और पाप होता है। जब लक्ष्मी की आकांक्षा हो तो नारायण का भी ध्यान करना चाहिए। जब अकेले लक्ष्मी आती हैं तो पाप, दरिद्र, शराब, जुआ में खर्च होता है। लेकिन जब साथ में नारायण आते हैं तो लक्ष्मी परोपकार जैसे शिक्षा, धर्म कर्म में गरीबों के सरोकार और स्वास्थ्य में पैसा लगता है। इसलिए लक्ष्मी-नारायण को साथ में ही आना चाहिए।



#### सीता-राम विवाह आज

राम-सीता विवाह का जिक्र भी कथा वाचन में किया गया। उन्होंने कथा वाचन करते हुए कहा, गुरु को यह ज्ञात था कि धनुष यज्ञ में केवल श्री राम ही धनुष तोड़ेंगे और सीता से विवाह करेंगे। न्यास समिति के अध्यक्ष आनंद शर्मा, शेखर दुबे व व्यवस्थापक पं. विजय कुमार झा ने बताया, 6 दिसंबर को सीता राम का विवाह विधि-विधान से होगा। इसके लिए सारी तैयारी की गई है। इस आयोजन का हिस्सा सैकड़ों लोग बनने वाले हैं। विवाह पंचमी के अवसर पर राम कथा के बीच विवाह की रस्मों को इस बार भी निभाया जाएगा।

## देवी मंदिरों में सजी रंगोली

**रायपुर।** जिस तरह से शिव परिवार की आराधना के लिए सावन महीने की धार्मिक महत्ता है। उसी तरह अगहन के हर बृहस्पति वार को मां लक्ष्मी और भगवान नारायण की आराधना का पुराणों में विधान है। इसका पालन अगहन महीने में उपासक महिलाएं करती हैं। शहर के श्रीमहामाया मंदिर के साथ सभी मां लक्ष्मी-नारायण मंदिर में हर गुरुवार को सूर्योदय से पहले विशेष पूजा और श्रृंगार किया जाता है। इसमें क्षेत्र की उपासक महिलाएं भी शामिल होती हैं। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि जिन परिवारों में महिलाएं व्रत करती हैं,उन घरों में हर गुरुवार को नियम का पालन किया जाता है। मां लक्ष्मी के स्वागत में रंगोली भी सजाई गई।



शहर के लक्ष्मी-नारायण मंदिरों में भी तीन पहर पूजा हुई। पंडितों ने बताया कि अगहन बृहस्पति की पूजा में इस विधान का जिक्र है, कि व्रतधारी को सूर्योदय से पहले ही पहले पहर की पूजा करनी चाहिए। इसके बाद दूसरे पहर की पूजा दोपहर में और तीसरे पहर के रूप में गोधुली बेला में पूजा-आरती करने का नियम है। इस नियम का पालन शहर के प्रमुख मंदिरों में भी किया जाता है। महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भी हर गुरुवार को पूजा-आरती का नियम किया जाता है। इसमें आस-पास के कई परिवार भी शामिल होते हैं। इसके पहले ही बुधवार की शाम को रंगोली सजाई जाती है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम) गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया, बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

SM@RT
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com
0771-2433880
Fire Detection
Boom Barrier Gate Automn
Audio Conf
Smart Class Set up
Walky Talky
Smart Interative Panle

मेन्स वियर मेला BRAND BAZAR
INTERNATIONAL BRAND
होलसेल से भी कम रेट में!
इससे अच्छा और सस्ता कहीं नहीं!
• जींस • टी-शर्ट • शर्ट • लोअर • बरमूडा
मानसरोवर छत्तीसगढ़ का पहला मेन्स होलसेल हब जहाँ बड़े इंटरनेशनल ब्रांड के
आज ही विजिट करें:
मानसरोवर
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
7880002712
7880002704

पिकनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक
बारनावापारा, सिरपुर में पिकनिक प्रति व्यक्ति केवल 650/- में
नाश्ता - दोपहर का लंच, शाम की चाय (मिनिमम 50 व्यक्तियों हेतु)
आओ और अपने परिवार और मित्रों के साथ एक यादगार दिन बिताएं!
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now ▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
भामरा गार्डन बारनवापारा
9589386162

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

विक्ट्री इलेक्ट्रिक VICTORY
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा, बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
एक बार चार्ज होने पर 100 से 120 किमी. चलती जाएं
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ विक्ट्री इलेक्ट्रिक पर
पॉवर सॉल्यूशन
हुण्डई शो रूम के पास, रिंग रोड नं.1 कुशालपुर, रायपुर (छ.ग)
6263745853 9827129838

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## खबर संक्षेप



### रूपाली को मिला राज्य के प्रतिनिधित्व का अवसर

**रायपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा अगरतला त्रिपुरा में 12 से 15 दिसंबर तक अंडर 17 वर्षीय बालिका वर्ग राष्ट्रीय शालेय जूडो क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रायपुर जिले के ग्राम सेमरिया के शासकीय हाईस्कूल में अध्ययनरत छात्रा रूपाली साहू को अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग में हुआ था, जिसमें 70+ किलो वर्ग में रूपाली साहू ने स्वर्ण पदक हासिल किया था। स्कूल की प्राचार्या नौसाबा हनीफी, शिक्षक और जूडो कोच सूरज वर्मा ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं दीं।

### पीएम आवास के 5 भवनों को 4 माह में तैयार करने के निर्देश



**रायपुर।** नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने हीरापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासीय परिसर के निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 5 अपूर्ण भवनों को शीघ्र फिनिशिंग कर 4 महीने के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए है। हीरापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 348 आवासों का निर्माण किया जा रहा है। ये आवास 12 भवनों में किया जा रहा है, जिसमें 5 भवन में आवास के निर्माण पूर्णता की ओर है, वहीं 5 भवनों के आवासों में फिनिशिंग का कार्य होना बाकी है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, जोन 8 जोन कमिश्नर ए. के. हालदार, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, अभिषेक गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### चौथी बार थोक सब्जी विक्रेता समिति के अध्यक्ष बने रेड्डी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी थोक सब्जी मंडी की संचालन समिति श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति डूमरतराई का गुरुवार चुनाव हुआ। इसमें टी. श्रीनिवास रेड्डी लगातार चौथी बार तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए फिर से अध्यक्ष पद पर भारी बहुमत से चुने गए। चुनाव अधिकारी मोहनलाल रोहरा एवं ईश्वर पंजवानी ने बताया, उपाध्यक्ष राजा साहू एवं विनूराम साहू, सचिव हरीश बाबरिया, कोषाध्यक्ष राजा पंजवानी, सहसचिव अमित गुप्ता पिंटू, सेवक मटलानी एवं कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्राकर एवं सोहित राम साहू भारी बहुमत से निर्वाचित हुए। समिति का कार्यकाल 5 दिसंबर 2024 से 4 दिसंबर 2027 तक रहेगा।

# निजी ही नहीं सरकारी अस्पतालों में भी अटका 'आयुष्मान' का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम जनता को निशुल्क उपचार देने के लिए लागू आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अस्पतालों को भुगतान की प्रक्रिया नियमित नहीं है। प्रदेश के निजी ही नहीं, सरकारी अस्पतालों को भी इस योजना के तहत किए गए मरीजों के उपचार की राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। प्रदेश के सबसे बड़े आंबेडकर और सुपर स्पेशलिटी डीके अस्पताल को डेढ़ सौ करोड़ रुपए दिया जाना है।

हरिभूमि सरोकार

पिछले दिनों में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा निजी अस्पतालों की बकाया राशि के भुगतान के लिए स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की गई थी। यह बात सामने आई थी कि प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत 22 सौ करोड़ रुपए का भुगतान लंबित है। इनमें निजी के साथ सरकारी अस्पताल भी शामिल हैं। बड़े अस्पतालों के रूप में पहचाने जाने वाले आंबेडकर और डीके अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले 90 फीसदी मरीज आयुष्मान योजना के हितग्राही होते हैं, जिन्हें राशनकार्ड के आधार पर निशुल्क उपचार की सुविधा दी जाती है।

इस इलाज के बदले शासन को सरकारी अस्पतालों को निर्धारित पैकेज के हिसाब से राशि का भुगतान किया जाना होता है। आंबेडकर अस्पताल में योजना के करीब सौ करोड़ की राशि अटकी हुई है। वहीं डीके अस्पताल में लगभग 52 करोड़ रुपए का बकाया है। इसी तरह राज्य के अन्य शासकीय मेडिकल कालेजों से संबंधित अस्पतालों को इस योजना में इलाज के बाद किए गए बड़े क्लेम की राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

## आंबेडकर और डीके अस्पताल को अब तक नहीं मिला डेढ़ सौ करोड़

### बैठक में उठा था मुद्दा

मंगलवार को मेडिकल कालेजों की स्वशासी समिति की बैठक में आयुष्मान योजना के तहत इलाज के बदले अस्पताल को भुगतान किए जाने वाली पेडिंग राशि पर भी चर्चा हुई थी। आयुष्मान योजना से उपचार के बाद अस्पताल को मिलने वाली राशि स्वशासी समिति के पास जाती है। इस राशि की मदद से अस्पतालों के संसाधन कर्मचारियों के वेतन, रखरखाव सहित अन्य खर्च को पूरा किया जाता है।

**कैसे होगा निशुल्क इलाज..**



*निजी अस्पतालों को पांच माह का भुगतान नहीं : निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत पिछले पांच माह से राशि का भुगतान नहीं हुआ है। चिकित्सकों के प्रतिनिधि मंडल को स्वास्थ्य मंत्री को इसकी जानकारी दी गई थी। उन्हें लंबित भुगतान के लिए उच्चस्तर पर बातचीत कर पहल करने का आश्वासन दिया गया था।*

### जिला अस्पताल भी पीछे नहीं

आयुष्मान योजना के तहत उपचार की राशि का इंतजार करने वाले अस्पतालों को रायपुर का डिस्ट्रिक हास्पिटल भी शामिल है। बीते 11 में यहां करीब 1.57 करोड़ रुपए का क्लेम किया गया था। इसमें से अस्पताल को 59 लाख रुपए मिले और शेष 87.90 लाख रुपए का भुगतान पेंडिंग है। जिला अस्पताल की ओर आयुष्मान हितग्राहियों के उपचार के लिए करीब 1160 केस में भुगतान के लिए क्लेम किया गया था।

## छग राज्य महिला आयोग में आया ठगी का प्रकरण

# नौकरी जाने के भय से ठगी की रकम लौटाने तैयार क्लर्क, पीड़िता को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिपिक द्वारा सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर एक युवती से ठगी करने का मामला छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में आया। इस प्रकरण में लिपिक ने स्वीकार किया कि उसने युवती से 2 लाख 10 हजार रुपए लिए हैं। इस राशि में से 1 लाख 10 हजार रुपए वह युवती को लौटा चुका है। शेष रकम एक लाख रुपए के लिए वह युवती को अपने दफ्तर के चक्कर लगवा रहा था। आयोग ने इस प्रकरण में लिपिक को शेष रकम लौटाने के लिए 8 दिन का समय दिया है। इसके बाद भी लिपिक पैसे नहीं लौटाएगा, तो आयोग उसकी नौकरी समाप्त करने की अनुशंसा करेगा। आयोग की बात सुनते ही लिपिक शेष राशि भी देने के लिए तैयार हो गया।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया एवं लक्ष्मी वर्मा ने जल संसाधन प्रार्थना भवन बिलासपुर में गुरुवार को महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान बिलासपुर शहर के शासकीय



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिपिक के विरुद्ध एक युवती ने उसके साथ ठगी करने का केस किया। युवती ने आरोप लगाया कि लिपिक उसे उसी विद्यालय में सरकारी नौकरी पर लगा दूंगा का झांसा देकर उससे 2 लाख 10 रुपए लिए थे। नौकरी जब नहीं लगी, तो युवती ने लिपिक से अपने दिए पैसे वापस मांगे। इसे लेकर लिपिक द्वारा उसे टाल-मटोल कर घुमाया जा रहा था। हालांकि इस प्रकरण में लिपिक का कहना है कि उसने किस्तों में युवती को 1 लाख 10 हजार रुपए दे दिए हैं, जबकि युवती द्वारा इससे भी इनकार किया गया।

इसके बाद भी युवती शेष 1 लाख रुपए लेने के लिए राजी हो गई। इस पर आयोग ने लिपिक को निर्देश दिए कि 13 दिसंबर के भीतर वह एक लाख रुपए का इंतजाम करे और रायपुर में सुनवाई के दौरान आयोग के समक्ष युवती को रकम लौटाए। इस तय समय में अगर वह युवती को पैसे नहीं लौटाएगा, तो उसके विरुद्ध आयोग शासन से उसकी सेवा समाप्त करने के लिए अनुशंसा करेगा।

### आदेश का 4 माह में पालन नहीं, उच्चधिकारी भी बनाए जाएंगे पक्षकार

आयोग में एक पुराना प्रकरण आया था, जिसमें आवेदक को 4 माह के भीतर आवेदिका को बकाया राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे। इस निर्देश के बाद भी समय-सीमा में आवेदिका को भुगतान नहीं किया गया है। इस पर आवेदिका ने आयोग में फिर गुहार लगाई है। सुनवाई के दौरान अनावेदक भी उपस्थित हुआ। उसके द्वारा बताया गया कि आवेदिका की मांग जायज है। इसके लिए उसके द्वारा उच्च अधिकारियों को पत्र भी लिखा गया है, जिसका अब तक जवाब नहीं मिला है। आयोग ने पत्र की कॉपी पेश करने के लिए अनावेदक को निर्देश दिए हैं, साथ ही यह भी कहा कि जिन उच्चधिकारियों को पत्र लिखा गया है, उनके नाम व पता की भी जानकारी दे, ताकि इस प्रकरण में उनके नाम भी पक्षकार के रूप में नाम जोड़ा जाए। आयोग ने प्रकरण की अगली सुनवाई की तारीख दी है, जिसमें इस प्रकरण का निराकरण किया जाएगा।

# धान खरीदी पर रखी जा रही है कड़ी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए किसानों को टोकन जारी करने से लेकर बारदाना की व्यवस्था, धान का उपार्जन एवं भुगतान, केंद्रों में खरीदे गए धान का उठाव पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। किसानों को धान विक्रय के लिए टोकन आवेदन करने के लिए समिति माड्यूल एवं टोकन तुंहर हाथ एप की सुविधा दी गई है। टोकन आवेदन करने में दिक्कत होने पर किसान समिति में ऑपरेटर के माध्यम से टोकन आवेदन कर सकते हैं। केंद्रों में धान उपार्जन के लिए 72,194 गठान बारदाने उपलब्ध हैं। विशेष परिस्थिति में किसानों के बारदानों का उपयोग और 25 रुपए प्रति नग बारदाना भुगतान के लिए अपेक्स बैंक को 11 करोड़ 23 लाख रुपए भी दे दिए गए हैं।

### किसानों को भुगतान के लिए अब तक 6728 करोड़

राज्य में 14 नवंबर से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। 5 दिसम्बर तक 2739 उपार्जन केन्द्रों में कुल 29.22 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। प्रदेश में कुल पंजीकृत 27.78 लाख कृषकों में से अब तक 6 लाख 15 हजार किसानों ने समर्थन मूल्य में धान का विक्रय किया है।

*अब तक 33 हजार क्विंटल धान जब्त : प्रदेश में धान के अवैध परिवहन एवं अफरातफरी पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रदेश में अवैध धान के 3305 प्रकरण बनाए गए हैं एवं 33054 क्विंटल धान जब्त किया गया है।*

### सिंधु पैलेस में महिलाओं और बच्चों के लिए हुई प्रतियोगिता



**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा सिंधु पैलेस में गत दिनों दीपावली मिलन (पारिवारिक मिलन समारोह) आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 लोगों ने भाग लिया। जिसमें रंगोली और ड्राइंग प्रतियोगिता, बच्चों के सिंधी भाषा में रिल, महिलाओं के लिए फनी रील एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की गई। इसके अलावा रंगारंग कार्यक्रम भी हुआ। मंडल के अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी शामिल हुए। इस अवसर पर कशिश गोवानी एवं भाविका विधानी, सुनील अजवानी आदि उपस्थित रहे।

# पुस्तक अभिवाचन स्पर्धा, महाराष्ट्र मंडल की स्मिता और स्वाति पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



महाराष्ट्र मंडल भिलाई में आयोजित मध्यप्रदेश मराठी अकादमी के पुरस्कार वितरण समारोह में रायपुर की स्वाति मोडक और स्मिता चांदे को पुरस्कृत किया गया। विजेताओं को लंदन से पहुंचीं शारदा जिरापुरे ने पुरस्कृत किया। स्वाति तीन राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और गुजरात में मराठी पुस्तक अभिवाचन स्पर्धा में विजेता रहीं, वहीं स्मिता चांदे निबंध लेखन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की विजेता रहीं।

मध्यप्रदेश मराठी अकादमी इंदौर ने 22 सितंबर को अभिनव पुस्तक वाचन स्पर्धा का आयोजन किया था। इस स्पर्धा में रायपुर महाराष्ट्र मंडल सहित बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा और भिलाई के बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। सभी विजेताओं को महाराष्ट्र मंडल सेक्टर-4 में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में इंदौर की मुख्य समिति के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। महाराष्ट्र मंडल के मराठी साहित्यिक समिति प्रमुख कुमुद लाड ने बताया कि स्पर्धा में रायपुर महाराष्ट्र मंडल के 12 सदस्यों ने भाग लिया था। इसमें से 78 फीसद अंक के साथ स्मिता चांदे प्रथम स्थान पर रहीं। स्वाति डबली द्वितीय और भारती देवणकर तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं भिलाई केंद्र में माधुरी बक्षी विजेता, जयश्री जलतारे व आरती द्रोणकर उपविजेता, सुषमा नेने और वर्षा देशपांडे को तीसरा स्थान मिला। कुमुद के मुताबिक, इस वर्ष अभिनव पुस्तक वाचन के लिए निर्धारित पुस्तक 'कहानी लंडन च्या आजी बाई ची' पर आधारित थी। सभी प्रतिभागियों ने पहले इस पुस्तक का अध्ययन किया। फिर परीक्षा में शामिल हुए। भिलाई से बीते वर्ष की विजेता निधि देशपांडे की स्मृति में उनके पति मंगेश देशपांडे ने विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में भिलाई के प्रसिद्ध संगीतज्ञ सुधाकर शिवलीकर 'गुरुजी' को चक्रधर सम्मान प्राप्त होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन भिलाई केंद्र की प्रमुख जयंता जोशी ने किया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल रायपुर के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, निरंजन पंडित, सुबोध टोले विशेष रूप से उपस्थित थे।

- मध्यप्रदेश मराठी अकादमी का पुरस्कार वितरण समारोह भिलाई महाराष्ट्र मंडल में आयोजित
- मध्यप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़ में 22 सितंबर को हुई थी साहित्यिक प्रतियोगिताएं

### नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर जनता कांग्रेस की बैठक आज

**रायपुर।** प्रदेश में होने वाले आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे ने भी कमर कस ली है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के निर्देशानुसार एक आवश्यक बैठक 6 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जोगी निवास रामा वर्ल्ड बिलासपुर में रखी गई है। बैठक में चुनाव को लेकर चर्चा करते हुए रणनीति तैयार की जाएगी।जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक ने बताया कि इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी, सभी मोर्चा अध्यक्ष एवं सभी जिलाध्यक्षों को आमंत्रित किया है।

**पाठक सूचना**

**हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें**

**9827555678, 8224868411**

## बिजनेस साइट

### बीएसआई ने बुलाई हॉलमार्किंग बैठक, उपभोक्ता सुरक्षा पर जोर



**रायपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने गुरुवार को होटल कोर्टयार्ड बॉय मैरियट रायपुर में पूर्वी क्षेत्रीय हॉलमार्किंग बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों के 170 से अधिक परख और हॉलमार्किंग केंद्रों के प्रतिनिधियों और ज्वेलर्स ने भाग लिया। इसका उद्देश्य हॉलमार्किंग के माध्यम से उपभोक्ताओं की सुरक्षा को बढ़ावा देना और नई पहल तथा दिशा-निर्देशों पर चर्चा करना था। बैठक की अध्यक्षता दिब्येन्दु चक्रवर्ती और चित्रा गुप्ता ने की। इस अवसर पर एससी दास, सुमित कुमार, मनोदीप बाग, अक्षय कौशिक और रायपुर शाखा कार्यालय के समस्त अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में हॉलमार्किंग आभूषणों की परख के लिए इस्तेमाल होने वाली एक्सआरएफ तकनीक और इसके लिए निर्धारित मानक एसआई 15820 : 2023 पर चर्चा की गई। साथ ही संसदीय स्थायी समिति की हॉलमार्किंग से संबंधित सिफारिशों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

